
लापरवाही

विद्युत लाइन के नीचे बसे वार्ड वासियों पर मंडराया खतरा, नगरपालिका ने बीच में छोड़ा पेड़ काटने का काम

# आदेश के बाद भी पेड़ की अधूरी कटाई

▸ सिंहवाहिनी वार्ड के नागरिकों ने एसडीएम से लगाई गुहार





**नवभारत, मंडला।** जिला मुख्यालय के सिंहवाहिनी वार्ड क्रमांक 09 में एक खतरनाक वृक्ष की अधूरी कटाई कर छोड़ दिया गया है। जिससे वार्डवासियों पर खतरा मंडरा रहा है। इस पेड़ की वजह से पूरे मोहल्ले में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बताया गया कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद काम को बीच में ही छोड़ देने के कारण नाराज वार्ड वासियों ने एक बार फिर एसडीएम को पुन: आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार वार्ड निवासी अब्दुल मजीद एवं अन्य मोहल्ले वासियों ने पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के समक्ष इस खतरनाक पेड़ को हटाने की गुहार लगाई थी। जनसुनवाई में अधिकारियों द्वारा पूरे वृक्ष को काटने का स्पष्ट आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के परिपालन में नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची तो सही, लेकिन हमेशा की तरह इस बार भी पेड़ की बीच की शाखाएं, डालियां वैसे ही छोड़ दी गईं और काम अधूरा बंद कर दिया गया।

### विद्युत लाइन का हवाला देकर पल्ला झाड़ रही नगरपालिका

नागरिकों का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा छांटाई का कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन बाद में पेड़ के ठीक नीचे से गुजर रही विद्युत लाइन का हवाला देकर काम को अचानक रोक दिया गया। इसके बाद नगरपालिका सीएमओ के निर्देश पर जब आवेदकों ने विद्युत विभाग से सर्वे कराया, तो बिजली विभाग ने भी माना कि यह पेड़ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है. विद्युत विभाग ने यह आश्वासन भी दिया था कि जब भी पेड़ काटने का काम किया जाएगा, वे अस्थाई रूप से बिजली की सप्लाई बंद कर देंगे, इसके बावजूद काम को गति नहीं मिल सकी।

### बदलते मौसम के बीच दुर्घटना का अंदेशा

आवेदक अब्दुल मजीद और सिंहवाहिनी वार्ड के रहवासियों का कहना है कि पेड़ की भारी-भरकम शाखाएं छोड़ दिए जाने के बाद से उनके परिवारों और पूरे मोहल्ले पर खतरा पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। वर्तमान में मौसम में तेजी से हो रहे परिवर्तन, आंधी और बारिश के चलते इस कमजोर और खतरनाक पेड़ के गिरने की आशंका दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। वार्ड वासियों ने मंडला एसडीएम से मांग की है कि इस मामले में विभागीय स्तर पर तत्काल पुन: सर्वे कराकर इस जानलेवा समस्या का स्थायी निराकरण कराया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय जनहानि को समय रहते रोका जा सके।

# कलेक्टर की उद्योगपतियों के साथ बैठक

▸ मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं किसानों के कच्चे माल के उपयोग को बढ़ावा मिले



**नवभारत, मनेरी ।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला योजना भवन में मनेरी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन की मनेरी के उद्योगों से दो प्रमुख अपेक्षाएं हैं- जिले के स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा किसानों, वनोपज संग्राहकों एवं स्व-सहायता समूहों से प्राप्त कच्चे माल की यथासंभव खरीद सुनिश्चित करना।

कलेक्टर श्री धोटे ने सभी उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने उद्योगों में उपलब्ध रिक्त पदों की संख्या एवं निर्धारित शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता की जानकारी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को शीघ्र उपलब्ध कराएं। उक्त जानकारी के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को संबंधित ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार किया जाएगा।

बैठक में मनेरी के उद्योगों में उपयोग होने वाले रॉ मटेरियल पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अवगत कराया कि महुआ, जामुन, महुआ बीज (गुली), मक्का, पराली तथा अन्य एनटीएफपी, उद्यानिकी एवं कृषि उत्पादों की उद्योगों में मांग को स्थानीय स्तर पर पूरा करने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा भी इस पहल का स्वागत करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

### औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा

उद्योगपतियों द्वारा मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट एवं बंद/खाली इकाइयों के प्लॉट्स के पुन: आवंटन जैसी मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। मध्यप्रदेश उद्योग विकास निगम के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि मनेरी में शीघ्र ही फायर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। अन्य बिंदुओं पर भी विभागीय स्तर से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। बैठक में मध्यप्रदेश उद्योग विकास निगम, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारीगण तथा मनेरी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति उपस्थित थे।

# घर-घर योग के संदेश के साथ आयुष विभाग करा रहा नियमित अभ्यास



▸ स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ते कदम

**नवभारत, मंडला।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर मंडला जिले में योग को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में व्यापक योग संबंधी गतिविधियां और अभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सभी आयुष आरोग्य मंदिरों में ऑनलाइन योग प्रोटोकॉल का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जिला अधिकारियों द्वारा 1 जून से पवित्र माहिष्मती घाट मंदिर परिसर में प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास किया जा रहा है।

### घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग का संदेश

योग को जन-जन तक पहुंचाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से जिले में सघन जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयुष विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का समय योग के लिए जरूर निकालें। वर्तमान में जिलेवासियों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, नौकासन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का गहन अभ्यास कराया जा रहा है।

# बिछिया नगर परिषद में 2 साल से सीएमओ का पद खाली

▸ भोपाल पहुंचीं अध्यक्ष रजनी मरावी, मुख्यमंत्री से मांगे 6 करोड़ और स्टाफ





**नवभारत, भुआ बिछिया।** नगर परिषद बिछिया में पिछले दो वर्षों से मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्थायी पद रिक्त होने के कारण पूरी प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। सीएमओ न होने से जहां एक ओर जनहित के कार्य ठप पड़े हैं, वहीं दूसरी ओर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की गति बेहद धीमी हो गई है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी ने भोपाल का दौरा कर शासन के समक्ष अपनी पुरजोर मांग रखी है।

### सीएमओ विहीन निकाय से फाइलें और टेंडर लटके

नगर परिषद बिछिया के सभी 15 वार्डों में लगातार आबादी बढ़ रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण कार्यालयीन मॉनिटरिंग पूरी तरह प्रभावित है। अध्यक्ष रजनी मरावी ने बताया कि स्थायी सीएमओ न होने से न तो समय पर टेंडर हो पा रहे हैं और न ही स्वीकृत योजनाओं की राशि का आहरण हो पा रहा है, जिससे फाइलें दफ्तरों में लटकी हुई हैं।

### भोपाल दौरे में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को सौंपा प्रतिवेदन

समस्या के निराकरण के लिए अध्यक्ष रजनी मरावी ने प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पत्तिया उइके के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ शशिकांत श्रीवास्तव, अजयपुरी गोस्वामी, विकास पांडेय और उपयंत्री एचआर कुरैशी भी उपस्थित थे, जिन्होंने निकाय की जमीनी हकीकत मंत्रियों के सामने रखी।

### तत्काल की जाए सीएमओ की नियुक्ति

विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि बिछिया नगर परिषद में तत्काल स्थायी सीएमओ की नियुक्ति की जाए और आबादी के अनुपात में अन्य अतिआवश्यक स्टाफ की पदस्थापना हो।

### उचित कार्रवाई का मिला आश्वासन

अध्यक्ष रजनी मरावी ने कहा कि यदि परिषद का स्टाफ पूरा होगा, तभी शासन की योजनाएं समयबद्ध और प्रभावी तरीके से आम नागरिकों तक पहुंच पाएंगी। हमारा प्रयास बिछिया को मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था और मूलभूत सुविधाएं देना है। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग ने मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया है।

# विधायक चैनसिंह वरकड़े ने बांटे स्प्रेयर पंप और बीज किट

▸ बीजाडांडी में खंड स्तरीय जनकल्याणकारी शिविर आयोजित



**नवभारत, बीजाडांडी।** मध्यप्रदेश शासन के विशेष अभियान के तहत सोमवार को जनपद पंचायत बीजाडांडी के मंगल भवन में खंड स्तरीय जनकल्याणकारी शिविर के प्रथम चरण का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैनसिंह वरकड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, जनपद सदस्य राजेंद्र पुट्टा, अध्यक्ष डुमरी लाल कुम्हरे, जिला संयोजक विकास यादव और जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वासंती दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे प्रदान करना और मौके पर ही उनकी समस्याओं व मांगों का निराकरण करना था।

शिविर के दौरान कृषि विभाग के प्रकाश मरावी और उनकी टीम ने किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू कराया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत 6 चयनित हितग्राहियों को विधायक चैनसिंह वरकड़े के हाथों स्प्रेयर पंप, दवा एवं उन्नत बीज किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही आयुष विभाग के डॉ. गोविंद मरावी एवं डॉ. सुनील भाबरे की टीम ने ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं बांटीं और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी दी। शिक्षा विभाग की ओर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार दुबे और विवेक मिश्रा ने शाला त्यागी (स्कूल छोड़ने वाले) बालक-बालिकाओं के पुन: नामांकन और नवीन शिक्षा सत्र की तैयारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

### आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी

शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से विभिन्न विभागों द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए, जिनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के 41 आवेदन, कृषि विभाग के 28 आवेदन, आजीविका मिशन विभाग के 21 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग के 17 आवेदन, राजस्व विभाग के 16 आवेदन आए, जिसमें पटवारी प्रणय चौकसे व शिवम तिवारी द्वारा सेवाएं दी। इसी प्रकार सहकारिता विभाग के 07 आवेदन जिसमें वृंदावन श्रीवास्तव व श्रीमती विद्या पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के 04 आवेदन शिविर में आए। जनपद सीईओ श्रीमती वासंती दुबे ने बताया कि शिविर में प्राप्त सभी 134 आवेदनों को संबंधित विभागों के रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है ।

# जनकल्याण शिविर में ग्रामीण बैंक ने दी जनहितकारी योजनाओं की जानकारी



**नवभारत, मोहगांव।** मोहगांव में आयोजित जनकल्याण शिविर में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा मोहगांव द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए उपस्थित ग्राहकों को केंद्र सरकार एवं बैंक की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। साथ ही ग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर भविष्य को सुरक्षित बनाने तथा बैंकिंग सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक द्वारा आयोजित इस जागरूकता गतिविधि का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने योजनाओं के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और योजनाओं में रुचि दिखाई।

# मवई में जल परीक्षण कार्यशाला आयोजित

▸ फील्ड टेस्ट किट एवं जारमेक्स का वितरण






**नवभारत, मवई।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल गुणवत्ता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड मंडला द्वारा विकासखंड मवई के जनपद सभागार में जल परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीसी टिमरिया तथा तहसीलदार संगम पटले भी मौजूद रहे। कार्यशाला में विभाग के समन्वयक क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण उमागणेश लोधी ने फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा सुरक्षित पेयजल के लिए नियमित जाँच के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंप ऑपरेटर, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान जल नमूनों का परीक्षण कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से जल गुणवत्ता जाँच की विधियाँ सिखाई गईं। इस अवसर पर प्रतिभागियों को जल परीक्षण के लिए फील्ड टेस्ट किट एवं जल शोधन के लिए जारमेक्स का वितरण किया गया। अतिथियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए नियमित जल परीक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों में जल गुणवत्ता परीक्षण, जल संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ी। साथ ही ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हुई।

▸ आम आदमी पार्टी ने जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

# नर्मदा परिक्रमा मार्ग से मांसाहार की दुकानें हटाने की मांग



**नवभारत, मंडला।** जनता के बुनियादी मुद्दों को लेकर लगातार मुखर रहने वाली आम आदमी पार्टी ने अब नर्मदा भक्तों की धार्मिक आस्था और जनहित से जुड़ी एक बेहद महत्वपूर्ण मांग उठाई है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के जिला नेतृत्व ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंचकर एक आवेदन सौंपा, जिसमें मां नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर संचालित हो रही मांसाहार की दुकानों को किसी अन्य उचित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई है। मामले की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि सनातन धर्म में नर्मदा परिक्रमा को अत्यंत पवित्र और अद्वितीय धार्मिक यात्रा माना जाता है।

हर साल देश-विदेश से लाखों सनातनी और नर्मदा भक्त इस कठिन यात्रा पर निकलते हैं, जो पूरी तरह आस्था पर टिकी है। परंतु, परिक्रमा मार्ग के अनेक स्थानों पर मांसाहार की दुकानें संचालित होने के कारण श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं और आस्था को गहरी ठेस पहुंचती है। कारीकोन तिराहा मार्ग पर एक्सीडेंट का खतरा और जाम की स्थिति आवेदन में विशेष रूप से रेखांकित किया गया है कि शहर के कारीकोन तिराहे से लेकर गैस गोदाम तक के मार्ग में वर्तमान में कई मांसाहार की दुकानें चल रही हैं। इसी मार्ग पर गैस गोदाम और गिट्टी क्रेशर भी स्थित हैं।

# ग्राम सिमरिया में आयोजित हुआ वित्तीय साक्षरता शिविर



**नवभारत, नैनपुर।** विकासखण्ड नैनपुर के ग्राम सिमरिया में सोमवार को वित्तीय साक्षरता केंद्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र के अधिकारी श्री कृष्णकांत अवस्थी ने स्वयं सहायता समूहों की संगठन बैठक में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के लाभ एवं पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के सफल संचालन, नियमित बचत, वित्तीय प्रबंधन एवं आत्मनिर्भरता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विकासखण्ड नैनपुर के आजीविका मिशन के सहायक प्रबंधक श्री रविंद्र डेहरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समूह सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था।

ऐतिहासिक पहल

मंडला में राष्ट्रीय पुरोहित प्रशिक्षण का समापन, पूर्व राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल और कुलाधिपति दिवाकर सिंह रहे मौजूद

# देश में पहली बार आदिवासी, हरिजन और पिछड़े वर्ग के 54 लोगों ने लिया राष्ट्रीय पुरोहित का प्रशिक्षण





**नवभारत, मंडला।** प्रांतीय कुर्मी समाज के आह्वान पर कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम का बिंझिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में समापन हुआ। देश में पहली बार आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़े वर्ग के 54 भाई-बहनों को राष्ट्रीय स्तर का पुरोहित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर संकल्प दिलाया गया। सभी को दमोह निवासी मुख्य प्रशिक्षक डॉ. रज्जन पटेल द्वारा कर्मकांड की विधियों का प्रशिक्षण दिया गया।समापन समारोह की अध्यक्षता कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के कुलाधिपति दिवाकर सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में चेतना मंच छत्तीसगढ़ के संचालक जितेंद्र सिंगरौल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एलपी पटेल सहित कई प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए।

### सामाजिक परिवर्तन और मार्गदर्शन पर दिया जोर

प्रदेशाध्यक्ष रामखेलावन पटेल ने कहा कि भविष्य में मध्यप्रदेश के हर विकासखंड में विभिन्न वर्गों के पुरोहित तैयार किए जाएंगे ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। कुलाधिपति दिवाकर सिंह ने 10वीं-12वीं के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सही मार्गदर्शन देने की बात कही। प्रशिक्षण के जनक जितेंद्र सिंगरौल ने इस कार्यक्रम को देश के कोने-कोने तक ले जाने का संकल्प दोहराया, वहीं डॉ. राजन पटेल ने कहा कि कर्मकांड की विधि पर किसी एक वर्ग विशेष का एकाधिकार नहीं है।

### सम्मान समारोह के साथ हुई संगठनात्मक नियुक्तियां

इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 4 हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वृद्धजनों, सेवानिवृत्त साथियों, रामायण मंडली और मीडियाकर्मियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती संजू लता सिंगौर को पुन: महिला प्रकोष्ठ जिला मंडला का अध्यक्ष घोषित किया गया ।